लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

वैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी 06:14 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 150, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार बरेली, रविवार, 16 अप्रैल 2023

जेपीएम ने सेंट फ्रांसिस को हराया

मैच के दौरान गेंद पर शॉट मारता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- जीआरएम ने हांडा पब्लिक स्कूल को दी मात
- क्रिकेट टूर्नामेंट में जेपीएम के विजय और जीआरएम के आर्यन बने मैन आफ द मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से चौथे श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत शनिवार को दो मैच हुए।

पहले मैच में जमुना प्रसाद मेमोरियल (जेपीएम) ने सेंट फ्रांसिस पर तीन विकेट से जीत हासिल की। चार विकेट लेने वाले जेपीएम के गेंदबाज विजय पाल को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में जीआरएम ने हांडा पब्लिक स्कूल पर 63 रन से जीत हासिल की। इस मैच में तीन विकेट लेने के साथ 21 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलने वाले जीआरएम के खिलाड़ी आर्यन गंगवार मैन आफ द मैच रहे।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक और एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, मुख्य अतिथि पद्मावती एकेडमी के चेयरमैन पारूष अरोड़ा और विशिष्ठ अतिथि सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर निर्भय बेनीवाल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जेपीएम ने टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट फ्रांसिस की पूरी टीम 16.3 ओवर में 130 रन बना कर आउट हो गई। 131 रनों के लक्ष्य को जेपीएम की टीम ने 14.2 ओवर में सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। दूसरा मैच में हांडा पब्लिक स्कूल ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी की। जीआरएम के खिलाड़ियों ने तेजी से खेलते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 184 रन का मजबूत स्कोर बनाया। जीआरएम के खिलाड़ी ऋषभ रावत ने शानदार 75 रन की पारी खेली। जवाब में हांडा पब्लिक स्कूल की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 121 रन ही बना पाई।